Code on Trading Practices

514. Shri P. C. Borooah: Will the Minister of Commerce be pleased to state:

(a) whether the Committee on the Code of Trading Practices between manufacturers and exporters have evolved a Code;

(b) if so, the salient features of the Code; and

(c) Government's reaction thereto?

The Minister of Commerce (Shri Manubhai Shah): (a) Yes, Sir.

(b) The salient features of the Code are given in Annexure 'B' of the Report, a copy of which is attached. [*Placed in Library. See* No. LT-5138/65].

(c) Government generally welcome the recommendations of the Committee. However, their final decisions on the recommendations would be formulated after these have been considered by the Board of Trade at its next meeting scheduled to be held on 27th December, 1965.

लोहना रोड-झंझारपुर रेलवे लाइन

515. श्री योगेन्द्र झा : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे की दरभंगा निर्मेली रेलवे लाइन पर लौहना रोड और झंझारपुर के बीच रेल की पटरी प्रति वर्ष वर्षा ऋतु मे खराब हो जाती है और गाड़ियों का चलना बंद रहा है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में कितनी अवधि के लिए गाड़िया नहीं चल सकीं तथा रेलवे को लाइन की मरम्मत और यात्री तथा माल के यातायात के बन्द हो जाने के कारण कितनी हानि हुई; और

(ग) इस विषय में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाम नाथ) : (क) और (ख). 1963, 1964 और 1965 की बरसात में कमला बोलन नदी में बाढ़ आ जाने से लोहना रोड और झंझारपुर स्टेशनों के बीच रेलवे लाइन को क्षति पहुंची थी और उस पर क्रमशः 1 दिन, 14 दिन और 34 दिन तक अस्थायी रूप से गाड़ियों का आना-जाना बन्द रहा। इन लाइनों की मरम्मत तथा 1963, 1964 और 1965 में क्रमशः लगभग 2,000, 1.76 लाख और 4.72 लाख रुपये खर्च हुए और इससे राजस्व में क्रमशः 6,000, 1 लाख और 2 लाख रुपये की हानि हुई।

(ग) जैसा कि बिहार सिंचाई विभाग ने सूचित किया है, जयनगर से पुल के स्थान तक सीमान्त बांध बन जाने के फलस्वरूप कमला बोलन नदी के पानी की अधिकतम संभावित निकासी के लिए झंझारपुर और लोहना रोड स्टेशनों के बीच 40–40 के 16 स्पैनों वाला एक नया पुल बनाया जा रहा है और आशा है यह काम 1966 मानसून से पहले पूरा हो जायगा। प्रस्तावित बराज योजना और नेपाल भू प्रदेश में बांध के विस्तार को देखते हुए इस पुल से पानी की निकासी बढ़ने की संभावना है और केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग पुल के विस्तार के प्रश्न पर विचार कर रहा है।

मोटर साइकिल बनाने के कारखाने

516. श्री योगेन्द्र झा : क्या उद्योग तथा संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के विभिन्न भागों में पांच मोटर साइकिल कारखाने खोलने का निर्णय किया गया है; और